पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
———

श्री नाईक ने बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि अर्पित की

स्वराज्य को सुराज बनाना ही लोकमान्य के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी

—राज्यपाल

लखनऊ : 01 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज लालबाग चौराहा, लखनऊ में स्थित लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञातव्य है कि आज 01 अगस्त को स्वर्गीय लोकमान्य जी की पुण्यतिथि है। इस अवसर पर लखनऊ के महापौर डा0 दिनेश शर्मा, राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर, अन्य अधिकारीगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वराज्य को सुराज बनाना ही लोकमान्य के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आजादी के लिये जनसमूह का समर्थन प्राप्त करने में बाल गंगाधर तिलक का महत्वपूर्ण योगदान है। उनका कथन था कि आजादी हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। उन्होंने विचारों को सशक्त माध्यम से प्रकट करने के लिये ''केशरी'' व ''द मराठा'' समाचार पत्र की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि लोकमान्य ने गणपति उत्सव को सार्वजनिक किया तथा जेल में रहते हुए उन्होंने ''गीता रहस्य'' जैसी पुस्तक लिखने का कार्य किया।

श्री नाईक ने इस अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को नागपंचमी की बधाई देते हुए कहा कि नागपंचमी के पर्व का उत्तर प्रदेश में विशेष महत्व है।

————

अंजुम/रा0/राजभवन